# न्याय निर्णय अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा

प्रकरण संख्या : 25/2017 एफ एस एस एक्ट

1. सरकार जरिये महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा, जिला दौसा ।

– आवेदक–

बनाम

1. श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुआलाल खण्डेलवाल
एफबीओ मैसर्सः– अशोक एजेन्सी, सुन्दरदास मार्ग, दौसा
2. श्री पंकज शर्मा नोमिनी/ईन्चार्ज मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर) प्लॉट नं0 एफ 544, रोड नं0 1बी, डोर नं0 4 वी.के. आई. एरिया सीकर रोड, जयपुर।
3. मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर)।

– अभियुक्तगण–

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 एफएसएस एक्ट 2006 व सपठित नियम 2011

उपस्थिति : श्री महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित।
: श्री राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 उपस्थित।
: श्री मक्खन लाल शर्मा अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 2 व 3 उपस्थित।

–: आदेश :– दिनांकः–08.08.2018

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के कार्यालय में कार्य सम्पादन कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (नोटिफिकेशन) क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 26.07.11 के अनुसार मुझे खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शक्तियां प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया है तथा श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश क्रमांक 475 दिनांक 10.08.2011 के द्वारा मुझे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र जिला दौसा आवंटित किया गया है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

यह है कि दिनांक 13.05.2016 को सायंकाल 05:30 बजे मैसर्स– अशोक एजेन्सी, सुन्दरदास मार्ग, दौसा स्थित का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दुकान पर विक्रेता श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुआलाल खण्डेलवाल उपस्थित मिला ने स्वयं को उक्त फर्म का मालिक होना बताया को अपना परिचय देकर व परिचय पत्र दिखाकर उससे खाद्य पदार्थ लाईसेन्स दिखाने के लिए कहा तो उसने खाद्य पदार्थ लाईसेन्स होना जाहिर किया।

यह है कि निरीक्षण के समय विक्रेता की दुकान में 3 कार्टून में 750 एमएल पैकिंग में पैक पैट बोतल **Rose Sharbat (Shri Guruji)** ( 3 कार्टून **X** 12 पैट बोतल **X 750** एमएल) आम जनता को बेचने हेतु रखा हुआ था, में मिलावट का शक होने पर इसमें से 1 कार्टून में से 4 मूल पैट बोतल **X 750** एमएल **Rose Sharbat (Shri Guruji** नमूने की जॉच हेतु खरीदी। जिनकी कीमत 472 रुपये नकद देकर बिल प्राप्त किया। विक्रेता ने मौके पर उक्त खाद्य पदार्थ का इनवॉयस नं0 159 दिनांक 12.04.2016 प्रस्तुत किया।

यह है कि चार लेबल तैयार कर लेबलों पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान व (विक्रेता) एफ.बी.ओ. के हस्ताक्षर करवाकर लेबलों को खरीदशुदा पैक **Rose Sharbat (Shri Guruji)** की बोतलो पर चिपकाकर बोतलो को अलग–अलग एक खाकी कागज में लपेट कर बोतलो पर डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा द्वारा जारी की गई हस्ताक्षरशुदा पेपर स्लीप

न्याय निर्णय अधिकारी एव
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

कोड एवं सीरियल नम्बर ए.जी.–1387 गोंद से चिपकाकर बोतलो को एक मोटे मजबूत सख्त धागे से बांधकर बोतलो को चार–चार जगह से चपडी से सील मोहर कर बोतलो पर एफ.बी.ओ. (विक्रेता) व गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं ने हस्ताक्षर कर चारों सील बन्द बोतलो को अपने कब्जे में लिया।

यह है कि आवेदक ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर उसकी रसीद फार्म नं. 5 ए पर प्राप्त की जो संलग्न है।

यह है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर की गई कार्यवाही की फर्द रिपोर्ट तैयार कर उसे (विक्रेता) एफ.बी.ओ. व गवाहान को पढकर सुनाकर समझाकर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर एफ.बी.ओ. व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये जो संलग्न है।

यह है कि आवेदक ने कार्यालय में आकर फार्म नं. 6 की छः प्रतिया तैयार कर प्रत्येक पर नमूना छाप (सील इम्प्रेशन) लगाकर फार्म नं0 6 की एक प्रति व नमूने की एक सीलबंद बोतल एक आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर तथा फार्म नं0 6 की दो प्रतिया अलग से एक लिफाफे में सील मोहर कर नमूने की एक सील बंद बोतल व फार्म नं0 6 का सील बंद लिफाफा श्री महादेव प्रसाद सैनी च0श्रे0क0 मुख्यालय द्वारा दिनांक 16.05.2016 को खाद्य विश्लेषक एवं मुख्य सार्वजनिक विश्लेषक, राज0 जयपुर के यहां जमा करवाये, जिसकी प्राप्ति की रसीद संलग्न है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

यह है कि नमूने की दो सील बन्द बोतल व फार्म नं0 6 की दो प्रतियां एक आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 16.05.2016 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की जो संलग्न है तथा नमूने की चतुर्थ सीलबंद बोतल व फार्म नं0 6 की एक प्रति आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 17.05.2016 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की जो संलग्न है।

यह है कि उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** के नमूने की खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट सं0 एल.एस./1499/एक्ट/2016/2436 दिनांक 04.07.2016 डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा के जरिये आवेदक को प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** का नमूना मिसब्राण्ड होना पाया गया है।

न्याय निर्णय आवेदन पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी अभियुक्तगण की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं अधिवक्ता अप्रार्थी अभियुक्तगण की बहस सुनी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बहस के दौरान निवेदन किया कि उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** के लेबल पर **ROSE** की फोटो प्रिन्ट की हुई है एवं **ROSE** लेबल पर प्रिन्ट भी किया हुआ है, परन्तु खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** में **ROSE** की मात्रा नहीं पायी गयी है। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट के अनुसार यह सिर्फ एक सिंथेटिक शर्बत होना पाया गया है। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 द्वारा बहस के दौरान निवेदन किया कि हमने उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर) से बिल द्वारा पैक ही खरीदकर पैक ही बेचा है। अधिवक्ता अप्रार्थी अभियुक्तगण सं0 2 व 3 द्वारा बहस के दौरान निवेदन किया कि उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** के लेबल पर हमने नियमानुसार संशोधन कर लिया है। अतः कम से कम जुर्माना लगाकर प्रकरण का निस्तारण करने की कृपा करे।

न्याय निर्णय अधिकारी एव
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

प्र0 सं0 : 25/2017 एफ एस एस एक्ट

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट सं0 एल.एस./1499/एक्ट/2016/2436 दिनांक 04.07.2016 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** का नमूना मिसब्राण्ड होना पाया गया है। जो एफएसएसए नियम 2006 की धारा 26 की उप धारा (2) (II) का उल्लंघन है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 52 में निर्धारित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा खाद्य पदार्थ **Rose Sharbat (Shri Guruji)** मिसब्राण्ड का विक्रय किये जाने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) (II) का उल्लंघन होने से अपराध कारित होने के फलस्वरूप अप्रार्थी अभियुक्तगण सं0 2 व 3 श्री पंकज शर्मा नोमिनी/ईन्चार्ज मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर) प्लॉट नं0 एफ 544, रोड नं0 1बी, डोर नं0 4 वी.के. आई. एरिया सीकर रोड, जयपुर पर 5,000/–( अक्षरे पांच हजार रूपये ) शास्ति आरोपित की जाती है। अभियुक्त उक्त शास्ति राशि निर्णय दिनांक 08.08.2018 के एक माह के अन्दर–अन्दर जमा कराकर चालान की प्रति प्रस्तुत करे ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय लिखवाया जाकर आज दिनांक 08.8.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

( राजवीर सिंह चौधरी )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा

क्रमांक/ 10595 – 10599
दिनांकः– 21 –08.2018

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशालय (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज0 जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा।
3. श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुआलाल खण्डेलवाल
   एफबीओ मैसर्सः– अशोक एजेन्सीज, सुन्दरदास मार्ग, दौसा
4. श्री पंकज शर्मा ईन्चार्ज व नोमिनी मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर) एफ–544, रोड नं0 1बी, डोर नं0 4 वी.के. आई. एरिया जयपुर।
5. मैसर्सः– गुरुजी प्रॉडक्टस प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर)।

( राजवीर सिंह चौधरी )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा